66% 3:11 p.m.
Annu
Deepanshu Deshwal

Close **Participants (6)**

P Poonam Rathi (me, host)

A Annu

DD Deepanshu Deshwal

DP Deepika pal+1499

NB Nisha Bhardwaj

V1 vivo 1713

Invite | Mute All | Unmute All

66% 3:11 p.m.
Poonam Rathi
vivo 1713
Nisha Bhardwaj
Deepika pal+1499

(सामान्य शब्द और तकनीकी शब्द) 15/04/20 (11)

भाषा सार्थक शब्दों की एक सुगठित एवं व्यवस्थित इकाई है। *लेखक की भाषा में शब्दों की अ* शब्दों का सार्थक प्रयोग ही विषय-वस्तु तथा भाषा की अभिव्यक्ति को सार्थक या संभव बनाता है। प्रयोग के आधार पर शब्द के दो भेद किए जा सकते हैं। ① सामान्य शब्द ② तकनीकी शब्द (पारिभाषिक शब्द)

सामान्य शब्द :- सामान्य शब्दों का संबंध जीवन और जगत के दैनिक या सामान्य व्यवहार तथा बोलचाल आदि से है। अर्थात् सामान्य शब्दों का प्रयोग रोजमरा के सामान्य व्यवहार विषयक बातों की सहज अभिव्यक्ति के लिए किया जाता है। किसी भी भाषा के मूल आधार ऐसे सामान्य शब्द होते हैं जो क्रिया, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया विशेषण आदि के रूप में नित्य व्यवहार में लाए जाते हैं। ऐसे सामान्य शब्दों के आधार पर कोई भी व्यक्ति भाषा को सिख सकता है। बच्चा भी अपनी मातृ भाषा के रूप में खाना-पीना, चलना, मा-पिताजी, चाचा, बुआ, ठण्डा, गर्म, रोटी, दूध, पानी, मेज, कुर्सी, जैसे सामान्य शब्दों को सीखता है। बोलचाल, वार्तालाप आदि में ही सरल, सामान्य शब्दों का प्रयोग होता है। इस प्रकार कह सकते हैं कि मनुष्य के सामान्य जीवन में व्यवहार में लाए जाने वाले शब्द सामान्य शब्द कहलाते हैं।

तकनीकी शब्द → जो शब्द सामान्य व्यवहार की भाषा में प्रयुक्त ना होकर ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में विषय एवं संदर्भ के साथ विशिष्ट किंतु निश्चित अर्थ में प्रयुक्त होते हैं उन्हें पारिभाषिक शब्द कहते हैं।
पारिभाषिक

इस प्रकार तकनीकी शब्दों के समूह को तकनीकी शब्दावली कहा जा सकता है। भौतिकी, रसायन, प्राणी विज्ञान, वनस्पति शास्त्र, गणित, अंतरिक्ष विज्ञान, computer, इंजीनीयरी, मानवीकी, प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों की अभिव्यक्ति और व्यवहार में विशिष्ट अर्थ को लेकर तकनीकी शब्द प्रयोग में लाए जाते हैं। कोष-ग्रंथों के अनुसार तकनीकी का अर्थ है "विशिष्ट कला, विज्ञान तथा शिल्प विषयक अथवा विशिष्ट कला के बारे में" इसका तात्पर्य हुआ पारिभाषिक शब्द वह है जो किसी ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में एक विशिष्ट तथा निश्चित अर्थ में प्रयुक्त किया जाता है।

तकनीक का अर्थ है 'कला तथा शिल्प'। तकनीकी शब्द वह शब्द है जो किसी निर्मित तथा खोजी गई वस्तु या विचार को व्यक्त करता हो।

डॉ. रघुवीर ने तकनीकी शब्द की व्याख्या देते हुए कहा है "पारिभाषिक शब्द (तकनीकी शब्द) किसको कहते हैं जिसकी परिभाषा की गई हो। पारिभाषिक शब्द अर्थ है जिसकी सीमाएँ बाँध दी गई हों। जिन शब्दों की सीमा बाँध दी जाती है वे पारिभाषिक शब्द हो जाते हैं और जिनकी सीमा नहीं बाँधी जाती वे सामान्य शब्द होते हैं।

तकनीकी शब्दों के अंतर्गत मानवीकी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कार्यालय, प्रशासन, अंतरिक्ष, computer, तथा दूर-संचार के क्षेत्र आते हैं।

Teacher's Signature: ____________